राजस्थान सरकार

न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी (जिला कलक्टर), बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : सुशील कुमार, आई0ए0एस0

सूचना का अधिकार प्रार्थना पत्र 41 / 2025

अपीलांटः–	बनाम	रेस्पोडेंटः –
1. श्री सुनील कुमार पालीवाल एडवोकट, निवासी बी 97 त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास, जयपुर।		1 तहसीलदार (भू.अ.) जिला कलक्टर, बालोतरा।

आदेश

दिनांक 14.01.2026

अपीलार्थी श्री सुनील कुमार पालीवाल एडवोकट, निवासी बी 97 त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास, जयपुर ने यह प्रथम अपील अप्रार्थी तहसीलदार (भू.अ.) जिला कलक्टर, बालोतरा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय में दिनांक 23.12.2025 को प्रस्तुत की गई है। अपीलीर्थी द्वारा अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर / पंजीबद्ध डाक / ऑनलाईन प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से संबंधित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार (भू.अ.) जिला कलक्टर, बालोतरा को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा निर्धारित सुनवाई तिथी को उपस्थित हुए जवाब / टिप्पणी प्रस्तुत की गई।

रेस्पोडेंट द्वारा जवाब प्रस्तुत करते हुए कथन किया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना कार्यायल तहसीलदार (भू.अ.) जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक प.14(4)(2) / भू.अ. / जिकबा / 2025 / 2897 दिनांक 07.11.2025 को कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा को प्रेषित की गई तथा कार्यालय जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक / लो.सु.अधि. / 2025 / 262 दिनांक 17.11.2025 को अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवाई गई है। अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील को निस्तारित की जाये।

हमने प्रस्तुत अपील एवं रेस्पोडेंट की ओर से जवाब का अवलोकन किया, जिससे यह पाया जाता है कि अपीलांट को वांछित सूचना कार्यायल तहसीलदार (भू.अ.) जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक प.14(4)(2) / भू.अ. / जिकबा / 2025 / 2897 दिनांक 07.11.2025 को कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा को प्रेषित की गई तथा कार्यालय जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक / लो.सु. अधि. / 2025 / 262 दिनांक 17.11.2025 को अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवाई गई है। लिहाज़ा प्रस्तुत अपील के तथ्यों के अवलोकन एवं विवेचन उपरान्त अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज योग्य है।

अतः अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली निर्णय शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित हो।

आदेश आज दिनांक 14.01.2026 को न्यायालय में सुनाया गया।

(सुशील कुमार)
प्रथम अपील प्राधिकारी
जिला कलक्टर, बालोतरा